**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 05.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में देवघर की श्वेता शर्मा समेत देशभर के छियासठ शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी उत्पादों और मेक इन इंडिया तथा वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों का विद्यार्थियों के साथ मिलकर अभियान चलाने का किया आग्रह।**
- **जेपीएससी ने ग्यारहवीं, बारहवीं और तेरहवीं सिविल सेवा परीक्षा का कट ऑफ मार्क्स जारी किया, अगले 60 दिनों तक आयोग की वेबसाईट पर सफल अभ्यर्थी देख सकेंगे मार्क्स।**
- **सरायकेला खरसावां जिले के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने शुरू किया सघन तलाशी अभियान।**
- **झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिवस– ईद मिलाद–उन–नबी, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई।**

*******************

शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में देवघर के राजकीय मध्य विद्यालय, विवेकानंद की शिक्षक श्वेता शर्मा समेत देशभर के छियासठ शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान समय में स्कूली शिक्षा में समानता और समावेश के अच्छे संकेत दिखायी दे रहे हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मस्तिष्क को पोषित करने के लिए शिक्षकों का समर्पण एक मज़बूत और उज्जवल भविष्य की नींव है। इधर प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादों और मेक इन इंडिया तथा वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों के साथ मिलकर अभियान चलाएं। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत में श्री मोदी ने स्कूलों से स्वदेशी दिवस या स्वदेशी सप्ताह मनाने का आग्रह किया। श्री मोदी ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को यह समझाने का आग्रह किया कि दूसरों पर निर्भर राष्ट्र कभी भी तेज़ी से प्रगति नहीं कर सकता है।

*******************

जीएसटी की दरों में भारी कटौती पर व्यापारी समेत सभी वर्गों और घरेलू महिलाएं केंद्र सरकार खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिं आभार जताते हुए इस पहल को ऐतिहासिक बता रहे हैं।

*******************

पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिवस– **ईद मिलाद–उन–नबी**, आज झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची, पाकुड़, सरायकेला–खरसावां और बोकारो समेत सभी जिलों में जुलूस आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान मस्जिदों में नमाज अदा की गई और वतन की तरक्की एवं अमन चैन की दुआ मांगी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुस्लिम समुदाय को मिलाद–उन–नबी की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि पैगंबर मुहम्मद ने लोगों को एकता और मानवता की सेवा का संदेश दिया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मिलाद–उन–नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाएँ दी है। सके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ओणम की भी बधाई दी है।

*******************

पुलिस महानिदेशक और सरायकेला–खरसावां के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नक्सलियों के खिलाफ चौका एवं दलभंगा क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में सघन तलाशी अभियान शुरू किया है। जंगल में कई संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली गयी और कुछ सामान भी बरामद किया गया है। हालांकि, इस दौरान किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हो सकी है।

*******************

बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो सदर अस्पताल की लचर स्थिति पर चिंता जतायी है। उन्होंने इसके लिए अस्पताल प्रबंधन पर सरकार के पैसे का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया है।

********************

सिमडेगा जिले के पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष विशेष पहल की गई है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 98 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 28 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

सेंसेक्स और निफ्टी का कारोबार आज बढ़त के साथ शुरु हुआ। इसके बाद दोपहर के कारोबार में मामूली गिरावट के साथ कारोबार जारी है। अबतक की रिपोर्ट आने तक, सेंसेक्स 244 अंक गिरकर 80 हजार 474 पर और निफ्टी 63 अंक गिरकर 24 हजार 671 पर आ गया।

********************

राजगीर में हॉकी एशिया कप चैंपियनशिप के सुपर फोर स्टेज के मैच में कल भारत ने मलेशिया को चार–एक से हरा दिया। इस जीत के साथ, भारत चार अंकों के साथ सुपर फोर ग्रुप में शीर्ष पर है, जिसमें कोरिया, मलेशिया और चीन भी शामिल हैं। सुपर फोर पूल स्टेज में भारत का अगला मुकाबला कल चीन से होगा।

*******समाप्त*******